म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26—अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल

क्रमांक / बी–6 / नियमन / अ.ना. / 2019 / 1609 भोपाल,दिनांक : 01 /04/ 2019

प्रति,

संयुक्त / उप संचालक,
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय...........................(समस्त)

2— सचिव,
कृषि उपज मंडी समिति,
.........................जिला .... (समस्त)

विषयः—अन्तर्राज्यीय नाकों पर प्रदेश में आ रहे वाहन के बिल / बिल्टी कर के प्रमाणीकरण के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत वर्तमान में अन्तर्राज्यीय नाकों पर जो भी वाहन अधिसूचित कृषि उपज के साथ अन्य प्रदेशों से मध्यप्रदेश की सीमा में प्रवेश करते हैं, उनकी जानकारी नाकों पर इस बावत् संधारित रजिस्टर / कम्प्यूटर (जहां कम्प्यूटर उपलब्ध हैं) करने के निर्देश पूर्व से दिये गये हैं।

वर्तमान में नाकों पर उक्त वाहन की जानकारी उपरोक्त निर्देशानुसार इस बावत् रजिस्टर में दर्ज की जाती है और वाहन बिल / बिल्टी में एक मोहर लगाई जाती है जिसमें नाके का नाम इत्यादि जानकारियों के साथ–साथ रजिस्टर में प्रविष्टि क्रमांक तथा संबंधित कर्मचारी के हस्ताक्षर होते हैं। इस मोहर से निम्न जानकारी स्पष्ट नहीं हो पा रही है :–

- वाहन किस दिनांक और समय पर अन्तर्राज्यीय नाके पर आया।
- किस व्यक्ति के द्वारा वाहन से संबंधित प्रविष्टि की गयी है।
- संबंधित प्रविष्टिकर्ता कर्मचारी का पूरा नाम / पदनाम और मोबाईल नम्बर नहीं होता है।

इस कारण से गन्तव्य स्थान पर अधिकतर उक्त मोहर ही देखी जाती है और पता नहीं चलता है कि वाहन कब नाके से गुजरा है और किस कर्मचारी द्वारा इसकी पुष्टि की गयी है। अतः भविष्य में नाकों पर लगायी जाने वाली मोहर संलग्न प्रारूप में निर्धारित की जाये।

मंडियों में नियुक्त सत्यापनकर्ता कर्मचारी मोहर के सत्यापन के समय संबंधित नाके पर दूरभाष पर चर्चा कर के प्रविष्टि का सत्यापन भी करायें तभी इसकी छूट दी जावे। भविष्य में इसके लिए एक मोबाईल एप भी तैयार किया जा रहा है, जिससे प्रविष्टियाँ स्वतः ही सत्यापित हो जायेंगी।

संलग्नः— उपरोक्तानुसार मोहर का प्रारूप

(फैज़ अहमद किदवई)
प्रबंध संचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल.

क्रमांक / बी–6 / नियमन / अ.ना. / 2019 / 1610 भोपाल,दिनांक : 01 /04/ 2019

प्रतिलिपिः— सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1— भारसाधक अधिकारी, कृषि उपज मंडी समिति, ...(समस्त) मध्यप्रदेश।

प्रबंध संचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल.

अंतर्राज्यीय सीमा जाँच नाका पर प्रदेश में आ रहे वाहनों के बिल/बिल्टी पर प्रमाणीकरण हेतु लगाई जाने वाली सील/मोहर का प्रारूप

अंतर्राज्यीय सीमा जाँच नाका ________ ज़िला ______

कृषि उपज मण्डी समिति _________ ज़िला ________

कृषि उपज वाहन क्रमांक ______________________

आगमन दिनाँक _____/_____/_______ समय ______

आगमन पंजी (प्ररूप-15) पर प्रविष्टि का

सरल क्रमांक - ___________, पृष्ठ क्रमांक - ______

प्रविष्टिकर्ता कर्मचारी नाम - _________________

पदनाम - __________________

मोबाइल नंबर - __________________ हस्ताक्षर